आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 25.04.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय क्षेत्रों में कल होने वाले मतदान के लिए सारी तैयारियां पूरी—संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।

2— मतदान के लिए साढ़े छह हजार से अधिक पोलिंग बूथ बनाए—इनमें से तेईस को संवेदनशील और चार सौ अंठावन केन्द्रों को अति—संवेदनशील घोषित किया गया है।

3— भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय अमित शाह गृहमंत्री अमित शाह कल बेमेतरा में सभा लेंगे—वहीं, अट्ठाईस अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शिवरीनारायण में सभा को संबोधित करेंगे।

4— दंतेवाड़ा जिले में तलाशी अभियान के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से डीआरजी के एक जवान की मौत—एक अन्य जवान घायल।

दूसरा चरण—मतदान—01

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय क्षेत्रों में कल छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों में तीन महिला सहित इकतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।
राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि मतदान के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके साथ ही सभी संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव और खुज्जी विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। वहीं, मोहला—मानपुर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसी तरह, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, राजिम, कुरुद और धमतरी में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। वहीं, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों को छोड़कर बाकी मतदान केन्द्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इसके साथ ही, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिहावा, संजारी—बालोद, डौंडीलोहारा और गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। वहीं, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर और केशकाल विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक रहेगा। मतदान के दिन तीनों लोकसभा क्षेत्रों से संबंधित जिलों में कल सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। वहीं, श्रम विभाग ने श्रमिकों के लिए भी सवैतनिक अवकाश की घोषणा की गई है। इन तीनों लोकसभा सीटों और अन्य राज्यों के पड़ोसी जिलों में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान सभी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या बावन लाख चौरासी हजार नौ सौ अड़तीस है। इनमें छब्बीस लाख पांच हजार तीन सौ पचास पुरुष, छब्बीस लाख उनयासी हजार पांच सौ अट्ठाईस महिला और तृतीय लिंग के साठ मतदाता हैं। दूसरे चरण के मतदान के लिए छह हजार पांच सौ सड़सठ मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें तेईस मतदान केन्द्रों को संवेदनशील

और चार सौ अंठावन केन्द्रों को अति–संवेदनशील घोषित किया गया है। दूसरे चरण में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों की दो सौ बाईस कंपनियां तैनात की गई हैं। वहीं, तीन हजार दो सौ तैंतालीस केन्द्रों में वेबकास्टिंग और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। इसके माध्यम से निर्वाचन आयोग इन केन्द्रों पर नजर रखेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में बहत्तर मतदान कर्मियों और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गरियाबंद जिले के दो केन्द्रों के लिए पंद्रह मतदानकर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया है। बाकी छह हजार पांच सौ छप्पन मतदान दलों को आज बसों से उनके केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। दूसरे चरण में लगभग तैंतीस हजार मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान के दिन सभी केन्द्रों पर मतदान दलों के अलावा सात सौ पंद्रह सेक्टर अधिकारी तैनात किए गए हैं, जो हर दो घंटे में मतदान के प्रतिशत की जानकारी अपने पीठासीन अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। दूसरे चरण के चुनाव के लिए तीनों संसदीय क्षेत्रों में कुल तीन सौ तीस संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनका प्रबंधन महिला चुनाव कर्मिचारियों और सुरक्षाकर्मियों द्वारा किया जाएगा। वहीं, एक सौ सत्रह मतदान केंद्रों का संचालन युवाओं द्वारा किया जाएगा। इसी तरह, तीनों लोकसभा क्षेत्रों में एक सौ बीस आदर्श मतदान केन्द्र और पच्चीस दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। हर केंद्र पर मतदाता सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां मौजूद बीएलओ मतदाता सूची में उनका नाम और सरल क्रमांक ढूंढने में मदद करेंगे।

मतदाता पहचान पत्र

राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों से संबंधित मतदाताओं को सूचना पर्ची का वितरण किया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को फोटोयुक्त पहचान पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। मतदाता अपना पहचान पत्र दिखाकर वोट डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई मतदाता अपने साथ इस पहचान पत्र को नहीं ला पाता है तो भी वह ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक की फोटोकॉपी सहित बारह अन्य दस्तावेजों को दिखाकर भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। वहीं, प्रवासी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर अपना मूल पासपोर्ट दिखाने पर ही वोट डालने दिया जाएगा।

अमित शाह–बेमेतरा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसके तहत विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और प्रमुख नेता लगातार विभिन्न स्थानों में जनसभाएं ले रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में बेमेतरा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल जांजगीर–चांपा जिले के पहरिया गांव में सभा लेंगे।

इसके साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अट्ठाईस अप्रैल को जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर शिव डहरिया के समर्थन में आमसभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा/कांग्रेस–पत्रकारवार्ता

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार सरकार बनते ही प्रदेश के सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के करीब साढ़े आठ लाख लोगों को आयुष्मान योजना के जरिये मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता संदीप शर्मा ने आज राजधानी स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र में भाजपा के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर प्रदेश के बुजुर्गों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए यह योजना शुरू की जाएगी।

दूसरी ओर, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश के प्रभारी सचिव डॉक्टर चंदन यादव ने कहा है कि इस बार का लोकसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं का चुनाव है। आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉक्टर यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल करके देश का संविधान बदलना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा के ऐसे किसी भी प्रयास का हर तरह से विरोध करेगी।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।
गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में सौ प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला इकाई में शामिल सभी व्यापारियों ने मतदान करने वालों ग्राहकों को विभिन्न सामानों की खरीदी पर दस प्रतिशत छूट देने का ऐलान किया है।

उधर, राजनांदगांव जिले में चेंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारी सदस्यों ने मतदान करने वाले मतदान करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर एक सामान की खरीदी पर मतदान के दिन दस प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के कुटराबोड़ गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मल्लखंभ का आयोजन किया गया। इस दौरान मलखंभ के खिलाड़ियों ने आकर्षक करतब दिखाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया और अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश भी दिया।

इसी तरह, सक्ती जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न अस्पतालों में रक्तदान शिविर लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

शराब घोटाला मामला

शराब घोटाला मामले के आरोपी त्रिलोक सिंह ढिल्लन को आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा–ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो मई तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर भेजा गया है। इसके अलावा इसी मामले में गिरफ्तार अरूणपति त्रिपाठी को भी ईओडब्लयू की ओर से आज रायपुर की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें चौदह दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

वहीं, महादेव सट्टा ऐप मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी राहुल वकटे को दिल्ली में और एक अन्य आरोपी रितेश यादव को गोवा में पकड़ा गया।

इसी मामले में जेल में बंद आरोपी चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर और सुनील तम्मानी को ईओडब्ल्यू की टीम ने आज विशेष कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को पांच दिन की रिमांड पर ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है।

दंतेवाड़ा–जवान मौत/घायल

दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में ड्यूटी के दौरान एक जवान की बंदूक से दुर्घटनावश गोली चल जाने से वहां मौजूद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के एक जवान जोगराज कर्मा की मृत्यु हो गई। वहीं, एक अन्य जवान परसूराम अलामी घायल हो गया है। पुलिस के अनुसार दंतेवाड़ा जिले के बारसूर इलाके में माओवादियों के मौजूद होने की सूचना मिलने पर डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम को तलाशी अभियान पर भेजा गया था। इसी दौरान एक जवान की बंदूक से अचानक गोली चल गई। इस घटना में घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया है।

जगदलपुर–भूकंप

जगदलपुर में बीती रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप अध्ययन केन्द्र के अनुसार जगदलपुर से दो किलोमीटर दूर उत्तर–पूर्व में दो दशमलव छह तीव्रता का भूकंप आया। अध्ययन केन्द्र के अनुसार भूकंप का यह झटका जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>